www.himalayanupdate.com 7018631199 समाचार पत्र Postal Regd no: HP/128/SML/2023-25

अक्टूबर, 2023

आपकी आवाज़

हिमालयन अपडेट

RNI-HPHIN/2017/73579

7018631199 बुधवार 01.11.2023 पृष्ठ: 01, मूल्य: 1 रू. शिमला से प्रकाशित advthimalayanupdate@gmail.com

किफायती दरों में अपना विज्ञापन प्रकाशित करें और अपने व्यापार को और ऊंचाईयों पर ले जाएं। संपर्क करें: 7018631199

अपने क्षेत्र की समस्या के बारे में हमें लिखें।

himalayanupdate@gmail.com

प्रेम व समर्पण का प्रतीक करवा चौथ व्रत रख रही हर विवाहित महिलाओं को "हिमालयन अपडेट" परिवार की ओर से ढेरों शुभकामनाएं व बहुत बहुत बधाई।

'दशहरे के मूल स्वरूप से की गई छेड़खानी'

कुल्लू/हिमालयन अपडेट
बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा है कि व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर दशहरा पर्व के मूल स्वरूप को बदला गया है और देव संस्कृति से छेड़छाड़ हुई है। उन्होंने कहा कि दशहरा का मूल स्वरूप है और उस स्वरूप को बदलना ठीक नहीं। उन्होंने कहा कि इस बार दशहरे पर्व का पूरी तरह कांग्रेसीकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि अधिकारी भी कांग्रेसीकरण में मस्त हो गए हैं और कांग्रेस के नेताओं के कहने पर ही काम कर रहे हैं। वे यहां प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देवताओं को बल पूर्वक यहां से निकालने का प्रयास किया गया। देव संस्कृति को खंडित किया गया है और देव समाज को आहत किया। उन्होंने दशहरा कमेटी के अध्यक्ष पर आरोप लगाया है कि

उन्होंने वन मेन आर्मी बनकर काम किया। सबकुछ खुद करने में जुटे रहे और अधिकारियों को कुछ नहीं करने दिया और अधिकारियों को यह कहकर के दरकिनार किया गया कि जो कुछ जानता हूँ तो सिर्फ मैं जानता हूं बाकी कुछ नहीं जानते। उन्होंने कहा कि किसी को भी विश्वास में नहीं लिया गया न तो अधिकारियों की सुनी गई और न ही सदस्यों की। यहां तक कि मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड व सांसद प्रतिभा सिंह तक को विश्वास में नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन की पोल तो उनकी ही सांसद एवं कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने खोल दी। उन्होंने बयान दिया कि दशहरे पर्व में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है जैसे आजतक मनाते थे वैसे ही मना रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि होटल के कमरे भी कांग्रेसियों को दिए गए और बाहरी कलाकारों पर धन की वर्षा की गई। अपनी संस्कृति को दरकिनार कर पाश्चात्य संस्कृति को बढ़ाबा दिया गया। शौरी ने कहा कि अव्यवस्था इतनी थी कि दशहरा मैदान के अधिकतर प्लाट खाली रहे और गरीब लोगों की रेहड़ी-फ हडि?ां नहीं लगने दी। जिससे स्पष्ट होता है कि सरकार गरीब विरोधी है। विधायक सुरेंद्र शौरी ने तंबोला के ऑक्शन पर सवाल उठाते हुए कहा कि गत वर्ष तंबोला एक करोड़ 72 लाख में गया था लेकिन इस बार सिर्फ 64 हजार में कैसे गया। इसके पीछे किसका हाथ है इसका स्पष्टीकरण देना होगा। उन्होंने कहा कि यह पैसा गरीबों के इलाज को जाता था। वार्ता में जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल, वरिष्ठ भाजपा नरोतम ठाकुर, भाजपा जिला महामंत्री अमर ठाकुर एवं बलदेव महंत, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री चिराग ठाकुर भी उपस्थित रहे।

किन्नौर व लाहौल-स्पिति जिला की 13 पंचायतों के जनप्रतिनिधियों ने राज्यपाल से भेंट की

शिमला/हिमालयन अपडेट
राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से गत दिवस को राजभवन में जनजातीय क्षेत्र किन्नौर व लाहौल-स्पिति जिला की 13 पंचायतों के जनप्रतिनिधियों ने भेंट की।प्रतिनिधिमंडल ने लियो से चांगो सडक के निर्माण कार्य सहित इन क्षेत्रों की अन्य विकासात्मक आवश्यकताओं से उन्हें अवगत करवाया। राज्यपाल ने कहा कि 11 किलोमीटर लम्बी लियो से चांगो सडक के निर्माण कार्य में गति लाने के लिए प्रदेश सरकार से सिफ ारिश करेंगे। उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी जनजातीय क्षेत्र में नौतोड़ की बहाली तथा सीमा सडक संगठन को सडक निर्माण कार्य सौंपने बारे अवगत करवाएंगे। इस सडक निर्माण से क्षेत्र के लोगों को निर्बाध परिवहन सुविधा प्राप्त होगी तथा पर्यटकों को भी आवागमन से

सम्बन्धित समस्याओं से निजात मिलेगी। सेना व अर्द्धसैनिक बलों के लिए भी यह लाभप्रद होगी। उन्होंने कहा कि हाल ही में जनजातीय क्षेत्र का उनके दौरे का उद्देश्य सीमा पर तैनात सैनिकों तथा इस क्षेत्र के निवासियों की कठिनाइयों व समस्याओं की जानकारी प्राप्त करना था। राज्यपाल ने किन्नौर तथा स्पिति घाटी के लोगों की आतिथ्य सत्कार भावना की भी सराहना की।

देश की वित्तीय व्यवस्था का मजबूत होना अत्यधिक आवश्यक : राकेश ठाकुर

मंडी/हिमालयन अपडेट
हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक वित्तीय साक्षरता केंद्र मंडी द्वारा राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के सौजन्य से गांव चेत ग्राम पंचायत चिउनी तहसील थुनाग में एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक जिला कार्यालय मंडी से वित्तीय साक्षरता समन्वयक राकेश ठाकुर ने किया। उन्होंने कहा कि किसी भी देश के सर्वांगीण विकास के लिए उस देश की वित्तीय व्यवस्था का मजबूत होना अत्यधिक आवश्यक है एवं वित्तीय व्यवस्था तभी मजबूत होगी जब देश का एक-एक नागरिक फ ाइनेंसियल सिस्टम से जुड़े। उन्होंने

कहा कि वित्तीय समावेशन समाज और अर्थव्यवस्था को आगे ले जाने में मदद करता है। इससे बचत, निवेश में वृद्धि होती है जिससे हमारे देश का आर्थिक विकास को गति मिलती है। इससे लोगों को पैसा बचत करने की आदत लगती है मुख्य तक कमजोर वर्ग वालों के लिए जिससे उनकी आर्थिक स्थिति धीरे-धीरे ठीक होती है। बैंकिंग सेवाओं और उत्पादों की उपस्थिति का उद्देश्य बचत की आदत को विकसित करके बैंकों को लाभ प्रदान करना है। इसकी सहायता से ग्रामीण इलाकों में रह रहे लोगों को एक जगह से दूसरी जगह तक पैसा भेजने में काफी लाभ मिला । इसके माध्यम से सरकार द्वारा उत्पादों पर सब्सिडी देने और नगद भुगतान करने के बजाय खाता धारक के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से पैसा उनके खातों में आसानी से पहुंचाया जाता है । उन्होंने कहा के बदलते वित्तीय परिवेश में डिजिटल बैंकिंग का महत्व और ज्यादा बढ़ गया है।

उन्होने कहा कि ग्रामीण विकास का लक्ष्य न केवल उत्पादक बढ़ाना है अपितु सभी वर्गों को पूर्ण रोजगार देना है। भारत जैसे विकासशील देश में जहां मानव शक्ति सर्वाधिक महत्वपूर्ण श्रोत है और जिसका एक भारी अंश समाज का कमजोर वर्ग है, ग्रामीण विकास किसी भी आर्थिक विकास की सार्थक प्रक्रिया के लिए व्यापक महत्व का होता है। उन्होंने बैंक और नाबार्ड की विभिन्न योजनाओं के बारे में भी जानकारियां दी।

स्थानीय ग्राम पंचायत के प्रधान लुदरमणी ने राज्य सहकारी बैंक द्वारा चलाये जा रहे वित्तीय शिवरों के लिए एक सही कदम बताया जिससे प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बहुत लाभ पहुंचेगा। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि यहां पर बैंक शाखा खोली जाए ताकि लोगों को बैंकिंग सुविधा मिल सके। इस मौके पर स्थानीय ग्राम पंचायत के उप प्रदान, वार्ड सदस्य तथा गांव के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

तो पीओके देश का अभिन्न अंग होता: राजीव बिंदल

शिमला/हिमालयन अपडेट
डॉ. राजीव बिन्दल ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती की देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। नरेन्द्र भाई मोदी भारत के प्रधानमंत्री को कोटि-कोटि आभार, जिन्होनें लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल का आजादी के लिए योगदान व देश की सैंकड़ों रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत की एकता और अखंडता के लिए किए गए कार्यों को भारत के जनमानस तक पहुंचाया और सरदार पटेल जी की विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा सरदार सरोवर के मध्य बनाकर उन्हें अविस्मरणीय कर दिया। यह प्रतिमा बनाते समय मोदी ने पूरे देश से गांव-गांव से, घर-घर से लोहा एकत्र किया और उस लोहे से लौह पुरूष की भव्य प्रतिमा बनाकर उसे विश्व विख्यात कर दिया। सरदार पटेल के जन्मदिवस 31 अक्तूबर

को एकता दिवस के रूप में मनाए जाने का निर्णिय और देशभर में रन फ ॉर यूनिटी के कार्यक्रम कराते हुए देशवासियों को उनके कर्तव्यों का बोध कराने का काम भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। देश की आजादी के लिए हजारों लाखों लोगों ने बलिदान दिया, जिनमें हजारों क्रांतिकारियों ने अपना जीवन न्योछावर किया। नेता सुभाष चंद बोस ने आजाद हिंद फौज बनाकर अंग्रेजो से युद्ध लड़ा और मोहन दास कर्मचंद गांधी के नेतृत्व में आजादी की लड़ाई सडकों पर लड़ी गई। जब पूरा देश आजादी की लड़ाई लड़ रहा था तो किसी को कल्पना नहीं थी कि आजादी के साथ देश का विभाजन कर दिया जाएगा।

परन्तु पंड़ित जवाहर लाल नेहरू बहुत जल्दी सत्ता पर बैठना चाहते थे, इसलिए उनके दबाव में गांधी जी ने देश का विभाजन स्वीकार कर लिया और भारत माता के तीन टुकड़े कर दिए गए। भारत माता की दोनों बाजूएं पंजाब और बंगाल को काटकर पाकिस्तान बना दिया गया और नेहरू जी ने सरदार पटेल जी को पीछे करते हुए भारत की सत्ता ले ली।

चंबा की उड़नपरी गोल्डन गर्ल सीमा का एक और धमाका

चंबा/हिमालयन अपडेट
गोवा में चल रही 37वीं राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में चंबा जिला के चुराह विधानसभा क्षेत्र के तहत रेटा गांव की सीमा ने प्रदेश तथा जिला का नाम रोशन करते हुए 10 हजार मीटर की दौड़ में गोल्ड मेडल हासिल किया है। अभी हाल ही में आयोजित बेंगलुरु में एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी सीमा ने 10 हजार मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक तथा 5 हजार मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल किया था। इससे पहले भी सीमा कई राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय प्रभाव में पदक प्राप्त कर चुकी है। सीमा अभी राष्ट्रीय एथलेटिक्स शिवर बेंगलुरु में

प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है तथा उसका लक्ष्य 2024 में होने वाले पेरिस ओलंपिक में पदक जीतना है। सीमा जल्द ही इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रशिक्षण हेतु विदेश जाएगी।

'सरकार के होते हुए भी अपने नेताओं को याद करने नहीं पहुंच पा रहे कांग्रेसी'

सोलन में इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और सरदार वल्लभ भाई पटेल पर आयोजित कार्यक्रम में सिर्फ 14 लोगों ने अर्पित की पुष्पांजलि

सोलन/हिमालयन अपडेट
हिमाचल प्रदेश में सरकार कांग्रेस की है लेकिन कांग्रेस सत्ता में होते हुए भी एकजुट नहीं दिखाई दे रहे हैं आज पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि है और सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती है इसको लेकर पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस सोलन में कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम को लेकर जिला अध्यक्ष ने 80-100 लोगों को इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी थी और आने के लिए कहा था, लेकिन कार्यक्रम में सिर्फ 14 ही लोग पहुंचे। बता दें कि आज पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि है और सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती है इस

मौके पर जिला कांग्रेस सोलन द्वारा पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई है जिसमें जिला कांग्रेस के पदाधिकारी ने हिस्सा लिया, इस दौरान कार्यकताओं ने उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिव कुमार ने कहा कि स्व. इंदिरा गांधी ने न सिर्फ देश बल्कि विदेशों में भी अपने काम से धाक जमाई। लोग आज भी उनके कार्यों को याद करते हैं। फि र चाहे बैंकों का राष्ट्रीयकरण करना हो, भूमिहीनों को जमीन देना या महिला सशक्तिकरण।

उन्होंने देश को आगे बढाने का काम किया।

देश में फैले आतंकवाद को भी रोकने में स्वर्गीय इंदिरा गांधी का अहम योगदान रहा है।उन्होंने कहा कि राष्ट्रविरोधी ताकतों ने उन्हें 1984 में हमसे छीन लिया था। उन्होंने कहा कि इन दिनों प्रदेश में चुनाव चल रहे हैं। इसके बावजूद बड़ी संख्या में कार्यकर्ता अपने अजीज नेता स्व. इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि देने कार्यालय पहुंचे। स्व. इंदिरा गांधी आज भी देश की जनता के दिलों में जिंदा हैं। उनके प्रधानमंत्री रहते देश लगातार विकास के रथ पर सवार रहा। इस दौरान उन्होंने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर कहा कि प्रत्येक वर्ष लौह पुरुष वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाती है। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के भारतवर्ष के लिए दिए गए योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा, उनका भारत की आजादी के समय किये गए कार्यों को हमेशा याद रखा जाएगा।

अब 15 नवम्बर तक लोग करवा सकेंगे ई केवाईसी

सोलन/हिमालयन अपडेट
ई केवाईसी करवाने को लेकर लगातार अभियान के तहत राशन कार्ड लाभार्थियों को जागरूक किया जा रहा है, लेकिन अभी भी जिला सोलन में 79 प्रतिशत राशन कार्ड लाभार्थी ई केवाईसी करवा पाए है, पिछले 10 दिनों से सर्वर डाउन होने की वजह से ई केवाईसी को लेकर कार्य नही हो पा रहा था लेकिन अब पिछले तीन दिनों से अब फि र से इसको लेकर कार्य करना शुरू कर दिया गया है। मंगलवार को खाद्य आपूर्ति विभाग सोलन जिला नियंत्रक नरेंद्र धीमान ने बताया कि जिला में ई केवाईसी को लेकर लगातार काम किया जा रहा है, लेकिन सर्वर डाउन होने

की वजह काम प्रभावित हुआ है, अब फि र से इसको लेकर विभाग ने कार्य करना शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि पिछले 10 दिनों से सर्वर डाउन होने की वजह से कार्य नही हो पाया है, लेकिन अब तीन दिनों से सर्वर ठीक है और इसको लेकर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 10 दिन पहले ई केवाईसी का आंकड़ा जिला सोलन में 79: था लेकिन अब नया आंकड़ा पता नही लग पाया है। लेकिन राशन कार्ड लाभार्थी अब अपनी संपूर्ण ई केवाईसी करवा पाए इसके लिए 15 नवंबर तक का समय बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि सर्वर डाउन होने के चलते लोगों को खासा परेशानी का सामना तो करना पड़ा लेकिन अब सरकार ने इसको लेकर 15 नवंबर तक का समय बढ़ा दिया गया है।

बता दें कि सोलन जिला में करीब 4 लाख राशन कार्ड लाभार्थी है जिसमें से 3,20,000 लाभार्थी अभी तक ई केवाईसी करवा चुके हैं।

'एशियन राफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए प्रबंधों में न रहे कोई कमी'

हमीरपुर/हिमालयन अपडेट
उपायुक्त हेमराज बैरवा ने यहां विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करके 3 से 5 नवंबर तक नादौन में आयोजित की जा रही एशियन राफ्टिंग चैंपियनशिप की तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा जिला प्रशासन और इंडियन राफ्टिंग एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित की जा रही एशियन राफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए सभी आवश्यक प्रबंधों में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे 31 अक्तूबर तक सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लें। उपायुक्त ने कहा कि चैंपियनशिप का उदघाटन समारोह और समापन समारोह पुराने

एसडीएम कार्यालय परिसर के साथ लगते मैदान में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आयोजन स्थल की ओर जाने वाली सडक का कार्य अतिशीघ्र पूरा करने और पुलिस अधिकारियों को एक विस्तृत ट्रैफि क प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चैंपियनशिप के आयोजन के दौरान यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए इस सडक पर वन.वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू की जाएगी।

उपायुक्त ने राफ्टिंग के स्टार्टिंग और फि निशिंग प्वाइंट्स पर पेयजल, शौचालय, चेंजिंग रूम और अन्य आवश्यक प्रबंधों के संबंध में भी अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने प्रतिभागी टीमों के रहने, खाने-पीने और अन्य प्रबंधों को लेकर भी अधिकारियों के साथ व्यापक चर्चा की तथा उदघाररटन एवं समापन समारोह की रूपरेखा भी तय की।

उन्होंने पर्यटन विभाग और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों को इस महत्वपूर्ण इवेंट का प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक तथा सोशल मीडिया पर भी व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान एसडीएम अपराजिता चंदेल ने चैंपियनशिप के लिए किए जा रहे विभिन्न प्रबंधों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। एडीसी मनेश कुमार यादव, डीएसपी रोहिन डोगरा, बीडीओ निशांत शर्मा, सहायक जिला पर्यटन विकास अधिकारी रवि धीमान और अन्य अधिकारियों ने भी महत्वपूर्ण सुझाव रखे।